# अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | 'मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना' के तहत वित्त वर्ष 2026-27 का लक्ष्य |
| 2. | 77वाँ राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस |
| 3. | 'राजस्थान स्टेट – NSDC सेक्टर स्किल काउंसिल' कौशल संवाद |
| 4. | जैसलमेर में ओरण संरक्षण के लिए राज्य सरकार की पहल |
| 5. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. 'नारी शक्ति फॉर विकसित भारत रन'<br>2. कुसुम सिंह : महिला बीकन लीडर अवार्ड<br>3. दूसरी नेशनल पैरा तलवारबाजी चैंपियनशिप : जयपुर<br>4. ख्वाहिश शर्मा<br>5. 6TH एशियन बीच गेम्स में राजस्थान के 4 खिलाड़ी |
| 6. | राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त और विकास निगम (NBCFDC) |
| 7. | राजा रवि वर्मा (1848–1906) |
| 8. | लू (Heatwave) |
| 9. | लाल सागर |
| 10. | भारत का निर्यात |
| 11. | अर्बन चैलेंज फंड (UCF) |
| 12. | एशिया जीरो एमिशन कम्युनिटी प्लस और समुद्री सुरक्षा |




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## ‘मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना’ के तहत वित्त वर्ष 2026-27 का लक्ष्य

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग द्वारा ‘मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना’ के तहत वित्त वर्ष 2026-27 में 30,000 युवाओं को आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## मुख्य बिन्दु:

### मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना:

- **शुभारंभ :** 12 जनवरी, 2026 को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा जयपुर से।
- **योजना अवधि :** 31 मार्च, 2029 तक।
- **लक्ष्य :** योजना के तहत 1 लाख युवाओं को ब्याज मुक्त ऋण देकर सूक्ष्म उद्यमी के रूप में तैयार किया जाएगा।
- **पात्रता :** राजस्थान का स्थायी निवासी होना चाहिए और आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए।
- शत-प्रतिशत ब्याज अनुदान, CGTMSE शुल्क का भुगतान राज्य सरकार द्वारा।
- **अधिकतम ऋण अवधि :** 5 वर्ष।

### योजना के तहत देय लाभ (शैक्षणिक योग्यता के अनुसार):

| 8वीं से 12वीं कक्षा उत्तीर्ण आवेदक | | |
|---|---|---|
| **क्षेत्र** | **अधिकतम ऋण** | **अनुदान (मार्जिन मनी)** |
| सेवा एवं व्यापार | ₹3.5 लाख | अधिकतम ₹35,000 (10 प्रतिशत) |
| मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर | ₹7.5 लाख | 10 प्रतिशत |
| **स्नातक, ITI और अधिक शैक्षणिक योग्यता वाले आवेदक** | | |
| **क्षेत्र** | **अधिकतम ऋण** | **अनुदान (मार्जिन मनी)** |
| सेवा एवं व्यापार | ₹5 लाख | ₹50,000 (10 प्रतिशत) |
| मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर | ₹10 लाख | 10 प्रतिशत |




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# 77वाँ राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस

## चर्चा में क्यों?

- **राजस्थान पुलिस के 77वें स्थापना दिवस के अवसर पर जयपुर स्थित राजस्थान पुलिस अकादमी (RPA) में राज्य स्तरीय समारोह आयोजित किया गया।**





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### मुख्य बिन्दु:

- **मुख्य अतिथि :** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा।

**मुख्यमंत्री उत्कृष्ट सेवा पदक:**

| सम्मानित व्यक्तित्व | पदनाम |
|---|---|
| बीजू जॉर्ज जोसफ | अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस |
| बिपिन कुमार पाण्डेय | अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस |
| अनिल कुमार | पुलिस निरीक्षक |
| सीताराम भाकल | पुलिस उपनिरीक्षक |
| गिरधारी लाल शर्मा | पुलिस उपनिरीक्षक |
| गोविंदराम | सहायक उपनिरीक्षक |

- **अन्य सम्मानित व्यक्तित्व :** मुख्यमंत्री द्वारा राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के अवसर पर समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए 3 अन्य नागरिकों को राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया।
  1. सिरोही निवासी समाजसेवी एवं स्वयंसेवी सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश प्रजापति।
  2. झालावाड़ निवासी सुरजीत कश्यप।
  3. उदयपुर संभाग स्तरीय बाल सुरक्षा सलाहकार सिंधु बिनुजीत।

### अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:

**'मिशन कर्मयोगी' के तहत राजस्थान पुलिस का प्रशिक्षण शिविर**

- **आयोजन :** राष्ट्रीय रक्षा यूनिवर्सिटी (RRU), गुजरात परिसर में 'मिशन कर्मयोगी – गुजरात' के अंतर्गत 06 से 16 अप्रैल, 2026 तक।
- **उद्देश्य :** राज्य भर के पुलिस अधिकारियों के कौशल को बढ़ाना और उनकी व्यावसायिक दक्षताओं को मजबूत करना।
- गुजरात के गाँधीनगर में स्थित राष्ट्रीय रक्षा यूनिवर्सिटी केन्द्रीय गृह मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय महत्व का एक संस्थान है, जिसकी स्थापना वर्ष 2020 में पुलिसिंग, आंतरिक सुरक्षा और राष्ट्रीय रक्षा के क्षेत्रों में शिक्षा, प्रशिक्षण और अनुसंधान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई थी।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ‘राजस्थान स्टेट – NSDC सेक्टर स्किल काउंसिल’ कौशल संवाद

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (NSDC) ने राजस्थान सरकार के सहयोग से जयपुर में ‘राजस्थान स्टेट – NSDC सेक्टर स्किल काउंसिल (SSC) कौशल संवाद’ का आयोजन किया।





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**मुख्य बिन्दु:**

- **आयोजन का उद्देश्य :** राजस्थान के स्किलिंग इकोसिस्टम को मज़बूत करना और राजस्थान राज्य स्किल मिशन (RSSM) के लक्ष्यों को पूर्ण करना।
- **लक्ष्य :** राजस्थान में संस्थानों और उद्योगों को एक साथ लाकर आगामी 5 वर्षों में 10 लाख युवाओं का कौशल उन्नयन करना।
- नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (NSDC) के अंतर्गत सेक्टर स्किल काउंसिल (SSC) कौशल विकास और व्यावसायिक प्रशिक्षण को उद्योग-केंद्रित बनाने वाली प्रमुख संस्था हैं।

**प्रमुख निर्णय :**

- जयपुर में वर्ल्ड-क्लास स्किल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूशन और स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर (SIIC) का निर्माण।
- जयपुर में स्किल्स ट्रेनिंग इंस्टीट्यूशन, जिसे वर्ल्ड स्किल्स सेंटर, भुवनेश्वर और ग्लोबल स्किल्स पार्क, भोपाल की तरह डेवलप किया जा रहा है, एडवांस्ड वर्ल्ड स्किल्स ट्रेनिंग इंस्टीट्यूशन के तौर पर काम करेगा और राजस्थान में स्किल इकोसिस्टम को मेंटर करने और मॉनिटर करने के लिए खास प्लेटफॉर्म के तौर पर काम करेगा।
- इस प्रोजेक्ट के लिए राजस्थान सरकार ने ₹450 करोड़ के बजट प्रावधान किया है।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:**

- **कौशल रथ पहल :** 07 जनवरी, 2026 को केन्द्रीय कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय द्वारा सीकर से 'कौशल रथ पहल' का उद्घाटन किया गया।

**इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता में राजस्थान :**

- **आयोजन :** नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (NSDC) द्वारा 15 से 18 फरवरी, 2026 तक गाँधीनगर (गुजरात) में।
- **विजेता :** कीर्तन धाकड़ (चित्तौड़गढ़) ने ट्रेड इलेक्ट्रिकल इंस्टॉलेशन में भाग लेकर स्वर्ण पदक जीता।
- शुभम जयसवाल (चित्तौड़गढ़) ने ट्रेड मैकेनिकल इंजीनियरिंग में भाग लेकर रजत पदक जीता।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:

### राजस्थान स्किल एंड लाइवलीहुड्स डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (RSLDC):


- **स्थापना :** सितंबर, 2004 में 'राजस्थान मिशन ऑन लाइवलीहुड' (RMoL) के रूप में।
- मई 2012 में, RMoL को एक निगम के रूप में परिवर्तित कर दिया गया, जिसका नाम 'राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम' (RSLDC) रखा गया।
- **उद्देश्य :** युवाओं के लिए उचित कौशल विकास से जुड़ी आजीविका रणनीतियों को विकसित करना।
- वर्तमान में, 'राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम' (RSLDC) राज्य और केंद्र सरकारों की विभिन्न योजनाओं का संचालन और प्रबंधन करता है। इसका उद्देश्य राजस्थान के युवाओं को अधिक कुशल बनाना और उन्हें आजीविका के अवसर प्रदान करना है।
- **नोट :** वर्ष 2015 में राजस्थान मंत्रिमंडल के निर्णय द्वारा 'कौशल, रोज़गार एवं उद्यमिता विभाग' नामक एक नए विभाग का गठन।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# जैसलमेर में ओरण संरक्षण के लिए राज्य सरकार की पहल

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, राजस्थान सरकार ने जैसलमेर में पर्यावरण संरक्षण और लोक आस्था का सम्मान करते हुए 3,666 हेक्टेयर से अधिक भूमि को 'ओरण' (पवित्र उपवन) के रूप में आरक्षित करने का निर्णय लिया है।





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## मुख्य बिन्दु:

- यह कदम पश्चिमी राजस्थान के रेतीले मरुस्थल में पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने और मरुस्थलीकरण को रोकने में मददगार साबित होगा।
- **आरक्षित क्षेत्र :** इसमें रामगढ़, फतेहगढ़ और जैसलमेर तहसील के मोकला और बीरमा कानोड़ जैसे गाँव शामिल हैं।
- ओरण प्राचीन काल से चली आ रही एक ऐसी व्यवस्था है जहाँ सामाजिक-धार्मिक मान्यताओं के कारण स्थानीय लोग इन पवित्र उपवनों को नुकसान नहीं पहुँचाते हैं। ऐसी मान्यता है कि इन क्षेत्रों में पेड़ों को काटना या कुल्हाड़ी का उपयोग करना वर्जित है, जिससे यहाँ का पारिस्थितिकी तंत्र स्वतः ही सुरक्षित रहता है।
- 'ओरण' संस्कृत शब्द 'अरण्य' से बना है और जिसका अर्थ 'बिना छेड़ा हुआ जंगल' होता है।
- **जितेंद्र राय गोयल समिति :** सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर राजस्थान में ओरण (पारंपरिक वन भूमि) के संरक्षण के लिए पूर्व न्यायाधीश जितेंद्र राय गोयल की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति का गठन वर्ष 2025 में किया गया। यह समिति देवबन ओरण के संरक्षण, पहचान और सतत प्रबंधन के लिए राज्य वन विभाग के साथ मिलकर कार्य करेगी।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ✂️ न्यूज़ इन शॉर्ट्स ⚡

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **'नारी शक्ति फॉर विकसित भारत रन'**<br>▪ 17 अप्रैल, 2026 को जयपुर में 'नारी शक्ति फॉर विकसित भारत रन' का आयोजन किया गया।<br>▪ **मुख्य थीम :** '#NariShaktiVandan'<br>▪ **आयोजक :** 'नारी शक्ति फॉर विकसित भारत रन' केन्द्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के तत्वावधान में 'माय भारत' द्वारा आयोजित एक राष्ट्रव्यापी फन रन/मैराथन कार्यक्रम है।<br>▪ इसका मुख्य उद्देश्य जमीनी स्तर पर महिलाओं की शक्ति का सम्मान करना और देश को 'विकसित भारत' बनाने की दिशा में उनकी भागीदारी को मजबूत करना है। |
| 2. | **कुसुम सिंह : महिला बीकन लीडर अवार्ड**<br>▪ डीग जिले की रारह ग्राम पंचायत की सरपंच कुसुम सिंह को हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित सम्मेलन में 'महिला बीकन लीडर अवार्ड' से सम्मानित किया गया।<br>▪ उन्हें यह सम्मान पंचायत स्तर पर उत्कृष्ट नेतृत्व, महिला सशक्तीकरण और रारह को 'महिला हितैषी ग्राम पंचायत' के रूप में विकसित करने के लिए दिया गया। |
| 3. | **दूसरी नेशनल पैरा तलवारबाजी चैंपियनशिप : जयपुर**<br>▪ **आयोजन :** जयपुर के सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम में 24 से 27 मार्च, 2026 तक।<br>▪ **आयोजक :** भारतीय पैरालंपिक समिति के तत्वावधान में राजस्थान दिव्यांग पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा। |


UTKARSH उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 4. | **ख्वाहिश शर्मा**<br>■ राजस्थान की निशानेबाज ख्वाहिश शर्मा का 19 से 27 अप्रैल, 2026 तक काहिरा (मिस्र) में आयोजित होने वाले ISSF जूनियर वर्ल्ड कप – 2026 के लिए भारतीय टीम में चयन हुआ।<br>■ जयपुर निवासी ख्वाहिश शर्मा राज्य की एकमात्र शूटर हैं, जिन्हें भारतीय मुख्य टीम में जगह मिली है।<br>■ ख्वाहिश 50 मीटर राइफल और 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धाओं में की शूटर हैं और वर्तमान में 50 मीटर वर्ग में देश की शीर्ष 10 जूनियर खिलाड़ियों में शामिल हैं। |
| 5. | **6TH एशियन बीच गेम्स में राजस्थान के 4 खिलाड़ी**<br>■ छठे एशियन बीच गेम्स की कबड्डी स्पर्धा के लिए राजस्थान के 4 खिलाड़ियों का भारतीय टीम में चयन हुआ।<br>**पुरुष वर्ग:**<br>■ बिजेंद्र सिंह चौधरी।<br>■ जितेंद्र यादव।<br>■ जय भगवान।<br>**महिला वर्ग:**<br>■ मनप्रीत कौर।<br>■ आयोजन : 22 से 30 अप्रैल, 2026 तक चीन के सान्या में। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त और विकास निगम (NBCFDC)

### चर्चा में क्यों?

- राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त और विकास निगम (NBCFDC) ने वित्त वर्ष 2025-26 में ₹613 करोड़ का अपना अब तक का सर्वाधिक वार्षिक ऋण वितरण किया है।

### मुख्य बिन्दु:

**NBCFDC:**

- **उद्देश्य:** इसका उद्देश्य पिछड़ा वर्गों के लाभ के लिए आर्थिक और विकासात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देना है। यह इन वर्गों के गरीब तबके को कौशल विकास और स्व-रोजगार उद्यमों की स्थापना में सहायता प्रदान करता है।
- **यह धारा 8 की एक कंपनी है।**
  - o धारा 8 कंपनी, कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत पंजीकृत एक विशेष प्रकार की गैर-लाभकारी संस्था होती है। इसका मुख्य उद्देश्य समाज सेवा करना, शिक्षा को बढ़ावा देना, विज्ञान का विकास करना आदि होता है।
- **मंत्रालय:** केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय।
- NBCFDC राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा नामित राज्य चैनलिंग एजेंसियों (SCAs) और बैंकों के माध्यम से वित्तीय सहायता प्रदान करता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# इतिहास एवं संस्कृति

## राजा रवि वर्मा (1848–1906)

### चर्चा में क्यों?

- राजा रवि वर्मा की एक पेंटिंग 167 करोड़ रुपये में बिकी है। यह बिक्री कला के मूल्य निर्धारण में कला की दुर्लभता और सांस्कृतिक मूल्य की भूमिका को उजागर करती है।



### मुख्य बिन्दु:

**राजा रवि वर्मा:**

- उनका जन्म किलिमानूर (त्रावणकोर, केरल) में हुआ था।
- वे केरल के त्रावणकोर के महाराजाओं के परिवार से संबंधित थे और उन्हें 'राजा' के रूप में संबोधित किया जाता था।
- उन्हें 'आधुनिक भारतीय कला का जनक' कहा जाता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### प्रमुख योगदान:

- उन्होंने पाश्चात्य तैल चित्रण कला और यथार्थवादी जीवन के चित्रांकन में महारत हासिल की।
- उन्होंने भारतीय पौराणिक कथाओं के विषयों पर चित्रकारी की। इसमें रामायण और महाभारत जैसे लोकप्रिय महाकाव्यों के दृश्यों को चित्रित किया गया है।
- **प्रिंटिंग प्रेस की स्थापना:** 1894 में गिरगाम (अब गिरगाँव), बॉम्बे में 'रवि वर्मा फाइन आर्ट लिथोग्राफिक प्रेस' और FAL प्रेस की स्थापना की गई थी।
- **सबसे प्रसिद्ध कृतियाँ:** हंस से बात करती दमयंती, शकुंतला को दुष्यंत की तलाश, बालों को संवारती नायर महिला और शांतनु एवं मत्स्यगंधा।
- **पुरस्कार और सम्मान:** ब्रिटिश सम्राट की ओर से लॉर्ड कर्जन द्वारा 1904 में केसर-ए-हिंद स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। इस प्रशस्ति पत्र में पहली बार औपचारिक रूप से "राजा" उपाधि का उपयोग किया गया था।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# भूगोल एवं भू-विज्ञान

## लू (Heatwave)

### चर्चा में क्यों?

- भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने कई राज्यों में लू की स्थिति का पूर्वानुमान लगाया है।




### मुख्य बिन्दु:

**लू के बारे में:**

- IMD तब लू की घोषणा करता है, जब किसी स्थान का तापमान मैदानी इलाकों में 40 डिग्री सेल्सियस, तटीय क्षेत्रों में 37°C और पहाड़ी क्षेत्रों में 30°C को पार कर जाता है। इसके अतिरिक्त, यह निम्नलिखित मानदंडों का उपयोग करता है:
- **सामान्य तापमान से विचलन के आधार पर:**
  - o **लू:** सामान्य से 4.5°C और 6.4°C के बीच विचलन।
  - o **गंभीर लू:** >6.4°C का विचलन।
- **वास्तविक अधिकतम तापमान के आधार पर (केवल मैदानी इलाकों के लिए):**
  - o **लू:** 45°C के बराबर या इससे अधिक।
  - o **गंभीर लू:** 47°C के बराबर या इससे अधिक।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## लाल सागर

### चर्चा में क्यों?

- ईरान ने अपने बंदरगाहों के आसपास अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी जारी रहने की स्थिति में लाल सागर के माध्यम से व्यापार को रोकने की धमकी दी है।






उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## मुख्य बिन्दु:

### लाल सागर:

- यह एक फ्योर्ड प्रकार का सीमांत समुद्र है।
  - एक फ्योर्ड जल का एक लंबा, गहरा और संकरा निकाय होता है। यह अंतर्देशीय क्षेत्रों तक काफी अंदर तक फैला होता है।
- यह बाब-अल-मंडेब जलडमरूमध्य के माध्यम से अदन की खाड़ी से जुड़ा है। इसके अलावा, यह स्वेज नहर के माध्यम से भूमध्य सागर से जुड़ता है।
- **सीमावर्ती देश:** पश्चिम में मिस्र, सूडान और इरिट्रिया; उत्तर-पूर्व में अकाबा की खाड़ी के माध्यम से इजरायल और जॉर्डन; तथा पूर्व में सऊदी अरब और यमन।
- लाल सागर में बहुत कम वर्षा होती है और इसमें नदियों से भी कोई जल प्रवेश नहीं करता है।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# आर्थिक घटनाक्रम

## भारत का निर्यात

### चर्चा में क्यों?

- पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण होने वाले व्यवधानों के बावजूद वित्त वर्ष 2025-26 में रिकॉर्ड निर्यात दर्ज किया गया है।




### मुख्य बिन्दु:

**भारत का निर्यात परिदृश्य:**

- **स्थिति:** कुल निर्यात 860.09 बिलियन डॉलर रहा। भारत विश्व के शीर्ष 20 निर्यातकों में, और सेवाओं के निर्यात में शीर्ष 10 में शामिल है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **व्यापार गतिशीलता:** आयात 979 बिलियन डॉलर रहा। कुल व्यापार घाटा लगभग 119 बिलियन डॉलर और वस्तुओं में लगभग 333 बिलियन डॉलर रहा। सेवाओं में लगभग 214 बिलियन डॉलर का अधिशेष इस घाटे की भरपाई करता है।
- **संरचनात्मक विशेषता:** गैर-पेट्रोलियम निर्यात लगभग 388 बिलियन डॉलर (+3.62%) रहा। यह निर्यात के विविधीकरण को दर्शाता है।
- **प्रमुख गंतव्य:** चीन, स्पेन, हांगकांग, वियतनाम और श्रीलंका में भारतीय निर्यात में वृद्धि दर्ज की गई। इसमें आसियान और अफ्रीका की ओर निर्यात विविधीकरण भी शामिल है।
- **प्रमुख उत्पाद:** पेट्रोलियम उत्पाद, इंजीनियरिंग सामान, खनिज, कृषि उत्पाद और हस्तशिल्प मुख्य उत्पाद हैं। IT और व्यावसायिक सेवाओं जैसे क्षेत्रकों में मजबूत सेवा निर्यात देखा गया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# योजनाएँ एवं नीतियाँ

## अर्बन चैलेंज फंड (UCF)

### चर्चा में क्यों?

- केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने अर्बन चैलेंज फंड के दिशा-निर्देशों के साथ-साथ, क्रेडिट पुनर्भुगतान गारंटी उप-योजना (CRGSS) के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं।




### मुख्य बिन्दु:

- अर्बन चैलेंज फंड का उद्देश्य बेहतर शहरी अवसंरचनाओं के विकास के लिए बाजार से धन जुटाना, निजी भागीदारी बढ़ाना और नागरिक-केंद्रित सुधार करना है।

**अर्बन चैलेंज फंड (UCF)**

- **योजना का प्रकार:** केंद्र प्रायोजित योजना।
- **आवंटित निधि:** ₹1 लाख करोड़ (यह अगले पाँच वर्षों में ₹4 लाख करोड़ के कुल निवेश की सुविधा प्रदान करेगा)।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **वित्तपोषण प्रणाली:**
    - परियोजना लागत का 25% अर्बन चैलेंज फंड के माध्यम से प्रदान किया जाएगा।
    - कम से कम 50% वित्त बाजार स्रोतों से जुटाया जाना चाहिए, जिससे निजी क्षेत्र की भागीदारी सुनिश्चित हो सके।
    - शेष 25% वित्तपोषण राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों/शहरी स्थानीय निकायों द्वारा किया जा सकता है या बाजार से जुटाया जा सकता है।
- **ध्यान देने योग्य मुख्य क्षेत्र:** शहरों का रचनात्मक विकास, विकास केंद्रों के रूप में शहर और जल एवं स्वच्छता।
- **पात्र शहर:** 10 लाख या उससे अधिक जनसंख्या वाले सभी शहर (2025 के अनुमान)।
- राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों की वे सभी राजधानियाँ जो उपर्युक्त श्रेणी में शामिल नहीं हैं।
- 1 लाख या उससे अधिक जनसंख्या वाले प्रमुख औद्योगिक शहर।
- **कार्यान्वयन अवधि:** वित्तीय वर्ष 2025-26 से 2030-31 तक (योजना अवधि बढ़ाई जा सकती है)।
- **पात्रता:** अमृत 2.0/ स्वच्छ भारत मिशन (SBM) 2.0/ अन्य केंद्र प्रायोजित योजनाओं के तहत पहले से वित्तपोषित परियोजनाएँ इस फंड के तहत वित्तपोषण प्राप्त करने के लिए पात्र नहीं हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## एशिया जीरो एमिशन कम्युनिटी प्लस और समुद्री सुरक्षा

### चर्चा में क्यों?

- भारत ने AZEC प्लस की बैठक में समुद्री ऊर्जा मार्गों में व्यवधान को लेकर चिंता व्यक्त की, यह चिंता होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव के बीच सामने आई है, जो एक महत्त्वपूर्ण वैश्विक ऊर्जा अवरोध बिंदु है।




### मुख्य बिन्दु:

#### एशिया जीरो एमिशन कम्युनिटी (AZEC) प्लस

- एशिया जीरो एमिशन कम्युनिटी (AZEC) जापान के नेतृत्व में शुरू की गई एक पहल है जिसका उद्देश्य एशिया में कार्बन उत्सर्जन कम करने, स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन और ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ावा देना है ।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **AZEC निम्नलिखित पर ध्यान केंद्रित करता है:**
  - o स्वच्छ ऊर्जा (हाइड्रोजन, अमोनिया, नवीकरणीय ऊर्जा) में प्रौद्योगिकी हस्तांतरण को सुगम बनाना।
  - o आर्थिक विकास को बनाए रखते हुए कार्बन तटस्थता के लक्ष्यों का समर्थन करना।
  - o क्षेत्र में ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला की लचीलता को मजबूत करना।
- AZEC प्लस एक विस्तारित ढाँचा है जिसमें एशियाई देशों और एशियाई विकास बैंक और अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी जैसे वैश्विक संस्थानों को शामिल किया गया है।
  - o यह आपूर्ति में व्यवधान, महत्त्वपूर्ण खनिजों तक पहुँच और समुद्री सुरक्षा जैसी उभरती चुनौतियों का समाधान करता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR